देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 86 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**
मंकी पॉक्स एक नई चुनौती



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 5 जुलाई 2022



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 25.0° | 40243.39

2 12 देशों में कई प्रमुख राष्ट्र थे तैयार
7 चेतेश्वर पुजारा ने शानदार वापसी की

# दुनिया को दिशा दे रहा भारतः पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी किया 'डिजिटल इंडिया सप्ताह 2022' का शुभारंभ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गांधीगनर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने इंडियास्टैक ग्लोबल, माईस्कीम और मेरी पहचान–नेशनल सिंगल साइन ऑन का उद्घाटन किया। साथ ही डिजिटल इंडिया भाषिणी और जेनेसिस का भी उद्घाटन किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, आज का ये कार्यक्रम 21वीं सदी में निरंतर आधुनिक होते भारत की एक झलक लेकर आया है, तकनीक का सही इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए कितना क्रांतिकारी है इसका उदाहरण भारत ने डिजिटल इंडिया अभियान के तौर पर पूरे विश्व के सामने रखा है। मुझे खुशी है कि 8 वर्ष पहले शुरू हुआ ये अभियान बदलते हुए समय के साथ खुद को विस्तार दे रहा है। हर साल डिजिटल इंडिया अभियान में नए आयाम जुड़े हैं, नई तकनीक का समावेश हुआ है। आज जो नए प्लेटफार्म और प्रोग्राम लॉन्च हुए हैं, वो इसी श्रृंखला को आगे बढ़ा रहे हैं। इनका बड़ा लाभ भारत के बड़े इकोसिस्टम को होगा। समय के साथ जो देश आधुनिक तकनीक को नहीं अपनाता, समय उसे पीछे छोड़कर आगे निकल जाता है। तीसरी औद्योगिक क्रांति के समय भारत इसका भुक्तभोगी रहा है। लेकिन आज भारत चौथी औद्योगिक क्रांति इंडस्ट्री 4.0 में दुनिया को दिशा दे रहा है।

**अश्विनी वैष्णव बोले, स्टार्टअप इंडिया शुरू होने पर विपक्ष ने तंज कसा था:** इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– जब स्टार्टअप इंडिया शुरू हुआ था तब प्रतिपक्ष किस तरह कटाक्ष करता था। 2014 में जहां मात्र 400–700 स्टार्टअप थे लेकिन आज 73 हजार स्टार्टअप हैं। इन स्टार्टअप ने 7 लाख रोजगार का सृजन किया है। 2014 में भारत में जहां 2–5 यूनिकॉर्न थे और आज 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। आज हमें दुनिया के तीन सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में स्वीकारा गया है।



### अल्लूरी सीताराम की जीवन यात्रा एक प्रेरणा स्त्रोत

भीमावरम। प्रधानमंत्री मोदी आंध्र प्रदेश के भीमावरम में अल्लूरी सीताराम राजू के 125वीं जयंती पर साल भर तक चलने वाले समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए पीएम ने स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू को एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक बताया।

### आठ साल पहले इंटरनेट डेटा बहुत महंगा था

पीएम ने कहा, आठ साल पहले इंटरनेट डेटा के लिए जितने पैसे खर्च करने पड़ते थे उससे कई गुना कम यानी एक प्रकार से नगण्य में आज उससे भी बेहतर इंटरनेट डेटा सुविधा मिल रही है। डीबीटी के माध्यम से बीते 8 साल में 23 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे गए हैं। इस तकनीक की वजह से देश के 2 लाख 23 हजार करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचे हैं। गांव में सैंकड़ों सरकारी सेवाएं डिजिटली देने के लिए पिछले 8 वर्ष में 4 लाख से अधिक नए कॉमन सर्विस सेंटर जोड़े जा चुके हैं। आज गांव के लोग इन केंद्रों से डिजिटल इंडिया का लाभ ले रहे हैं।

### विजयवाड़ा में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक!

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी के हेलिकॉप्टर के सामने काले गुब्बारे उड़ाने पर अब तक 4 कांग्रेसियों को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनूठे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया और हवा में काले गुब्बारे छोड़े। पुलिस ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि यह सुरक्षा चूक का मामला नहीं है। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के डीएसपी विजय पाल ने बताया, इस मामले में कुल 4 कांग्रेसी गिरफ्तार हो चुके हैं। कुछ और की गिरफ्तारी बाकी है। चारों कांग्रेस वर्करों को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि पीएम मोदी के गन्नावरम आगमन के दौरान कोई सुरक्षा चूक नहीं हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### एनआईए प्रमुख ने की अमित शाह के साथ बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान के उदयपुर और महाराष्ट्र के अमरावती में नृशंस हत्याओं को लेकर सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गईं हैं। गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को इन मामलों की जांच करने का निर्देश देने के कुछ दिनों बाद एनआईए प्रमुख दिनकर गुप्ता ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय राजधानी में उनके कार्यालय में एक बैठक की।

### महानगर भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में सीएम

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी महानगर भाजपा के 5 से 7 जुलाई तक होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशालाओं में प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश भाजपा के दिग्गज भाग लेंगे। पिछले 8 वर्षों में हुए अंत्योदय प्रयत्न, संगठन संरचना में कार्यकर्ताओं की भूमिका, मीडिया की समझ एवं सोशल मीडिया का महत्व पर संवाद होगा।

# देश में 90 प्रतिशत वयस्क आबादी का हुआ पूर्ण टीकाकरण

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– जीतेंगे महामारी के खिलाफ लड़ाई


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में 90 प्रतिशत वयस्क आबादी का पूर्ण कोरोना टीकाकरण हो चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर मनसुख मंडाविया ने इस बात की जानकारी दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को ट्विटर पर लिखा, श्क्या यह असाधारण उपलब्धि है! पीएम मोदी जी के सबका साथ, सबका प्रयास के मंत्र के साथ भारत ने अपनी 90 प्रतिशत वयस्क आबादी का पूर्ण टीकाकरण प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब एक साथ कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई जीतेंगे।

**पिछले 24 घंटों में आए 16 हजार से ज्यादा कोरोना के नए मामले:** बता दें कि देश में अभी कोरोना के सक्रिय मामले एक लाख 13 हजार 864 (1,13,864) हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आज अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में 16,135 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना के मामलों की कुल संख्या 4 करोड़ 35 लाख 18 हजार 564 (4,35,18,564) हो गई है, जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 1,13,864 हो गए हैं। सोमवार को जारी आकंड़ों के अनुसार कोरोना के चलते देश में 24 लोगों की मौत हो गई है। देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 05 लाख 25 हजार 223 (5,25,223) हो गई है।

विशेषज्ञों का दावा है कि भारत के कम से कम दस राज्यों में ओमीक्रोन का नया सब–वेरिएंट बीए.2.75 फैल चुका है। देश के जिन राज्यों से बीए.2.75 के मामले मिले हैं, उनमें दिल्ली, जम्मू, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र शामिल है।

### देश में कोरोना की रिकवरी दर है 98 प्रतिशत से ज्यादा



स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोरोना के सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.26 प्रतिशत शामिल है, जबकि देश में कोरोना की रिकवरी दर 98.54 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे के अंदर में कोरोना के सक्रिय मामलों में 2,153 मामलों की वृद्धि दर्ज की गई है।

# शिंदे सरकार ने भारी मतों से किया फ्लोर टेस्ट पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की अगुवाई में बनी नई सरकार ने सोमवार को भारी मतों से फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। बता दें कि एकनाथ शिंदे को कुल 164 मत मिले, जिसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा में सीएम एकनाथ शिंदे का बयान सामने आया। फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद शिंदे ने ताबड़तोड़ फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने पेट्रोलियम पर वैट में कटौती करने का एलान किया। शिंदे के इस एलान से सूबे में डीजल पेट्रोल की कीमतों में कमी आएगी।

सीएम एकनाथ शिंदे ने संवाददाताओं को नव निर्वाचित सरकार के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जब केंद्र सरकार किसी राज्य की सरकार के साथ आती है, तो उस सूबे में विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वासन दिया है कि राज्य की बेहतरी के लिए केंद्र हमारी सरकार के साथ खड़ा है।

### फैसला

■महाराष्ट्र में कम होंगी डीजल पेट्रोल की कीमतें

हम महाराष्ट्र के लोगों को राहत देने के लिए पेट्रोलियम पर वैट में कटौती करेंगे।

एकनाथ शिंदे ने सभी लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की जरूरत है। हम इस दिशा में तेजी से काम करेंगे। देवेंद्र फडणवीस के अनुभव से हमें निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। हमने पिछली सरकार में देवेंद्र फडणवीस के निर्णय लेने की गति देखी है। वह रुके हुए काम को पूरा कराते हैं। इस सरकार में भी, हम लंबित परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे, चाहे वह मेट्रो परियोजना हो या समृद्धि महामार्ग। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा हम शिवसैनिक हैं और हमेशा बालासाहेब और आनंद दिघे के शिवसैनिक रहेंगे।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आरपीएफ को भीड़ नियंत्रण का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाल के प्रदर्शनों के दौरान भीड़ के आक्रोश से भारी नुकसान होने के बाद रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को भीड़ नियंत्रण, जन व्यवस्था प्रबंधन एवं भीड़ मनोविज्ञान में प्रशिक्षित करने का फैसला किया है। इसके लिए मेरठ स्थित रैपिड एक्शन फोर्स एकेडमी फार पब्लिक आर्डर (आरएपीओ) से संपर्क किया गया है। यह पहली बार है, जब रेलवे सुरक्षा बल को भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि पिछले सालभर में कई अवसरों पर उसे प्रदर्शनकारियों की भीड़ से निपटना पड़ा।

### हाल में हुए बवाल के बाद हरकत में आया रेलवे

आरपीएफ को रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। अकादमी में सोमवार को 182 कर्मियों के पहले बैच का प्रशिक्षण शुरू हुआ।

संस्थान के एक अधिकारी ने कहा, आरएपीओ में हमने राज्य पुलिस तथा संयुक्त राष्ट्र के मिशन पर तैनात किए गए बीएसएफ जवानों को प्रशिक्षण दिया है। हमें जिस संगठन से अनुरोध मिलता है, हम उसके कर्मियों को प्रशिक्षण देते हैं।